# दंतेवाड़ा ज़िले को कौशल विकास के लिये मिला राष्ट्रीय अवार्ड

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा ज़िले को कौशल विकास के क्षेत्र में राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि इस अवार्ड के लिये छत्तीसगढ़ से दो ज़िले 'दंतेवाड़ा' तथा 'महासमुंद' का चयन किया गया था।
- दंतेवाड़ा ज़िले को कौशल विकास और उद्यमशीलता के क्षेत्र में नवाचार तथा स्वरोज़गार की दिशा में बेहतर प्रदर्शन के लिये अवार्ड फॉर एक्सीलेंस से पुरस्कृत किया गया।
- जनजातीय आदिवासी बहुल क्षेत्र दंतेवाड़ा में बेहतर क्रियान्वयन हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाए गए। ज़िले में पूना माड़ाकाल सेल के तहत स्वरोज़गार तथा रोज़गार के अनगिनत अवसर प्रदान किये जा रहे हैं।
- ज़िला प्रशासन द्वारा महिला आत्मनिर्भरता हेतु नवा दंतेवाड़ा गारमेंट फैक्ट्री की शुरुआत 31 जनवरी, 2021 को ग्राम पंचायत हारम में की गई। ज़िले के कटेकल्याण, बारसूर ब्लॉक में डेनेक्स की अन्य यूनिट स्थापित की गई है, जिनमें 770 से ज़्यादा लोगों को स्वरोज़गार मिला है।
- इसके अतिरिक्त छिंदनार में डेनेक्स की अन्य यूनिट भी स्थापित की जा रही है। चारों डेनेक्स में 1200 परिवारों को रोज़गार देने का लक्ष्य है।
- ज़िले में स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री तथा दैनिक उपयोग में आने वाली समान सुपोषण अभियान, स्कूल तथा आश्रम छात्रावास में गुणवत्तायुक्त एवं सस्ती दर पर समान उपलब्ध कराने व स्व-सहायता समूह की दीदियों को रोज़गार से जोड़ने हेतु 8 जून, 2020 को माँ दंतेश्वरी मार्ट का शुभारंभ किया गया था। ज़िले के चारों विकासखंडों में कुल 14 मार्ट संचालित हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dantewada-district-got-national-award-for-skill-development